'फेज़ वायर के 3 ड्रम और 700 ब्रेकिट एस्को कंपनी के कर्मचारी के घर कैसे व क्यों पहुंचे?'

'जब शहर में स्ट्रीट लाइट्स का फेज़ वायर, ब्रेकिट और पोल ग्रेटर निगम स्वयं लगाता है, इसके बाद एस्को कंपनी लाइट्स लगाती है; तो एस्को कार्मिक दीपक बर्मन के घर यह सामान क्यों भेजा'

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। विद्युत कंपनी 'ईआईपीएल' (एस्को) कंपनी और ग्रैटर निगम की विद्युत शाखा के अफसरों की मिलीभगत से फेज़ वायर और ब्रेकिट लगाने में धांधली सामने आयी है। विद्युत शाखा के ही एल.आई. ने बाकायदा नोटशीट लिखकर इसकी पोल खोली थी। इसके बावजूद आयुक्त और महापौर ने कंपनी के द्वारा लगाई गई लाइट्स की थर्ड पार्टी जांच कराने के बजाय उसे जून महीने में 24.83 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया। जबकि साधारण सभा की बैठक में भी शहर में विद्युत कंपनियों द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट्स की थर्ड पार्टी जांच करवाने का निर्णय हुआ था। यह जानकारी विद्युत समिति की चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने दी है।

सुखप्रीत बंसल ने बताया कि गत 7 जनवरी 2022 को विद्युत शाखा के एल.आई. ने नोटशीट लिखकर जानकारी दी थी कि 3 ड्रम फेज वायर और 500 से 700 ब्रेकिट जवाहर सर्किल थाने के आगे वाली गली में एक प्लॉट में पड़ी मिली। यहां एस्को कंपनी का कर्मचारी दीपक बर्मन रहता है। यहां बने एक कमरे में ब्रेकिट रखे हुए हैं और बाहर खुले में फेज वायर के ड्रम थे। जिसकी उसने वीडियोग्राफी भी कराई और तत्कालीन सहायक अभियंता विकास शर्मा को भी इसकी जानकारी दूरभाष पर दी। इसी दौरान जब नगर निगम की टीम वीडियोग्राफी करवा रही थी तब वहां एस्को कंपनी के कर्मचारी दीपक बर्मन की पत्नी आई और कमरे

- **विद्युत शाखा के एल.आई. ने 7 जनवरी को प्रशासन को नोटशीट लिखी थी कि तत्कालीन एईएन विकास शर्मा, जेईएन और एस्को कंपनी मिलकर ग्रेटर निगम के स्टोर से फेज वायर और ब्रेकिट पार कर रहे है, इसके बावजूद कार्रवाई के बजाय निगम प्रशासन यह नोटशीट ही दबा दी**

और प्लॉट के गेट पर ताला लगाकर चली गई। विद्युत एल.आई. ने अपनी नोटशीट में यहां तक लिखा है ऐसा प्रतीत होता है कि नगर निगम के ही सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और एस्को कंपनी के कर्मचारी मिलकर ग्रेटर नगर निगम के स्टोर से फेज़ वायर और ब्रेकिट पार कर रहे है।

एल.आई. की इस नोटशीट के बावजूद ग्रेटर निगम कमिश्नर और महापौर ने एस्को कंपनी के कामों की जांच नहीं कराई। इसके बाद 24 मई को विद्युत शाखा के तत्कालीन एक्सईएन आर.के.मीणा ने कंपनी के निदेशक को 5 पेज का नोटिस थमाकर 18 बिंदुओं के माध्यम से अनुबंध की शर्तों की अवहेलना और कामकाज की खामियां गिनाई थी। इसके बावजूद भी महापौर व कमिश्नर ने कंपनी को 24.83 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया। जबकि साधारण सभा की बैठक में निर्णय हुआ था कि शहर में विद्युत कंपनियों द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट्स की थर्ड पार्टी जांच करवायी जाएगी।

सुखप्रीत बंसल ने ग्रैटर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि जब स्ट्रीट लाइट्स के लिए पोल (खंभा), फेज वायर और ब्रेकिट नगर निगम प्रशासन स्वयं खरीदता है तो यह सामान स्टोर में मिलना चाहिए। जब निगम तीनों आइटम लगा देता है, उसके बाद एस्को कंपनी स्ट्रीट लाइट्स लगाती है। एस्को कंपनी के कर्मचारी दीपक बर्मन के घर पर नगर निगम का फेज़ वायर और ब्रेकिट मिलना साबित करता है कि विद्युत शाखा के अफसर और कर्मचारी और एस्को कंपनी मिलकर यह सामान पार कर रही है।

सुखप्रीत बंसल की मानें तो ग्रेटर निगम प्रशासन अब तक 45 करोड़ रुपये का फेज़ वायर खरीद चुका है। यह केबल इतनी है कि पूरे जयपुर के दो चक्कर लग जाए। इसके बावजूद भी अब तक ग्रेटर निगम का भी 60 फीसदी हिस्सा ही कवर हो पाया है।

विद्युत शाखा ने फेज वायर खरीद का टैंडर लगाने के लिए जब पूर्व निगम कमिश्नर यज्ञमित्र सिंह देव के पास फाइल भेजी थी, तब उन्होंने भी इस पर आपत्ति जताते हुए पूर्व में खरीदे हुए फेज़ वायर का ब्यौरा मांगा था, जो कि अफसरों से आज तक देते नहीं बना।

नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन ने दी राज्यव्यापी आन्दोलन की चेतावनी

जयपुर (कासं)। राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष भागचंद श्रीमाल और अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदयेश शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन और मांग पत्र सौंपा है।

भागचंद श्रीमाल ने बताया कि श्रीगंगानगर में स्वास्थ्य निरीक्षक सुशील कुमार शर्मा से ड्यूटी के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने मारपीट की थी। इसके बाद विभाग ने सुशील कुमार का निलंबन कर दिया। इसके विरोध में श्रीगंगानगर जिले के सभी निकायों में पिछले 3 दिन से पेनडाऊन और झाड़ू डाऊन हड़ताल जारी है।

श्रीमाल ने कहा कि अगर स्वायत्त शासन विभाग ने जल्द ही इस मामले का निस्तारण नहीं किया तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। फिलहाल प्रदेश में प्रशासन शहरों के संग अभियान भी चल रहा है, हम नहीं चाहते कि लोगों को पट्टे देने जैसा महत्वपूर्ण काम प्रभावित हो, लेकिन किसी कर्मचारी अथवा अधिकारी से असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने जैसी घटना भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष भागचंद श्रीमाल और अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को स्वायत्त शासन निदेशक ह्रदयेश शर्मा को ज्ञापन और मांग पत्र सौंपा।

'राजस्थान रॉयल्स व सरकार बकाया को लेकर करें राशि तय'

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आईपीएल मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की बकाया राशि के लिए राजस्थान रॉयल्स और सरकार को बैठक कर राशि तय करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 25 जुलाई को तय की है। सीजे एसएस शिंदे और जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राजस्थान रॉयल्स की ओर से कहा गया कि उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बकाया भुगतान कर दिया है और अब कोई बकाया शेष नहीं है। वहीं राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राजस्थान रॉयल्स पर वर्ष 2011 के डेढ़ करोड़, वर्ष 2012 के एक करोड़ अस्सी लाख और वर्ष 2013 के 25 लाख रुपए बकाया चल रहे हैं। दूसरी ओर आरसीए की ओर से अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि बकाया भुगतान को लेकर आरसीए का कोई लेना-देना नहीं है। इस पर अदालत ने राजस्थान रॉयल्स और राज्य सरकार को बकाया भुगतान को लेकर राशि तय करने को कहा है। गौरतलब है कि शहर में वर्ष 2011 से लेकर वर्ष 2019 तक हुए आईपीएल मैच में दी गई पुलिस सुरक्षा का बकाया भुगतान नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट ने स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था।

'विशेष योग्यजन घर से दर्ज करवा सकेंगे एफआईआर'

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राज्य आयुक्त, विषेष योग्यजन उमाशंकर शर्मा की अध्यक्षता में राज्य में स्थित पुलिस थानों में विशेष योग्यजनों को सुलभ आवागमन की सुविधा एवं थाने आने में असक्षम विशेष योग्यजनों को उनके साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार इत्यादि के संदर्भ में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में राज्य आयुक्त शर्मा द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत विशेष योग्यजनों हेतु वातावरण सुगम्य, बाधारहित और सुलभ आवागमन की सुविधा जैसे रैम्प, व्हील चैयर, हैल्पलाइन आदि उपलब्ध करवाने, एफआईआर दर्ज करने एवं अन्य कानूनी प्रक्रियाओं की सुविधा घर पर ही उपलब्ध करने तथा इनके प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इनकी समस्याओं का प्राथमिकता एवं त्वरित गति से निस्तारण करने निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में वरिष्ठ विधि अधिकारी, पुलिस शालिनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुरेन्द्र सागर तथा उपायुक्त, विषेष योग्यजन सावित्री शर्मा उपस्थित रही।

दुष्कर्मी चचेरे भाई को आजीवन जेल

जयपुर । पॉक्सो मामलो की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर द्वितीय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले चचेरे भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है कि अभियुक्त को शेष जीवन जेल में रखा जाए। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया कि 8 अक्टूबर 2021 को दसवीं कक्षा में पढने वाली पीडिता स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपनी चचेरी भाभी से मिलने गांव गई थी। रास्ते में उसे उसका चचेरा भाई मिला और वह उसे घर छोडने के बहाने साथ ले गया। रास्ते में उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई, गलता के जंगल में उसने दुष्कर्म किया।

भड़काऊ नारे का वीडियो वायरल करने वाले पकड़े

जयपुर । राजधानी में कुछ दिन पहले वायरल हुए सिर तन से जुदा वीडियो के मामले में रामगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भड़काऊ नारे लगाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया गिरफ्तार आरोपित मेहराज अली (28), सलमान (26) और रफीक (30) जुलाहों की मस्जिद के पास, तोपखाना हुजूरी, रामगंज के रहने वाले हैं। आरोपित मेहराज अली को लोग मौलाना कहकर बुलाते हैं। वह कम्पाउंडर है। वहीं आरोपी सलमान और रफीक नगीनों का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो आरोपियों द्वारा 8 अप्रेल 2021 को बनाया गया था, जिसमें नबीं की शान में गुस्ताखी के लिए नरसिंगानन्द का सिर तन से जुदा करने का पोस्टर घाटगेट क्षेत्र में लगाया गया था।

यह वीडियो दो दिन पहले वायरल हुआ था, जिस पर पुलिस ने तुंरत मुकदमा दर्ज कर वीडियो के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं वीडियो में नजर आ रहे अन्य युवकों को चिन्हित कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सार-समाचार

वन महोत्सव के तहत पौधे लगाए

जयपुर, (का.सं.)। नेशनल मेडिकल लैबोरेटरी प्रोफेशनल सप्ताह 2022 के चौथे दिवस पर "वनमहोत्सव" वृक्षारोपण का कार्यक्रम मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स एवं स्टूडेंट्स द्वारा जयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ रेस्पिरेटरी संस्थान में किया गया जिसमें करीब 30 फलदार, छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर राजस्थान इकाई के महासचिव राजेश कुमार शर्मा एवं संस्थान के लैब इंचार्ज सुनील बनर्जी ने बताया कि अभी तक राज्य इकाई ने 4 सालों में काफी वृक्षारोपण किये हैं एवं मेडिकल लैब प्रोफेशनल इस दिशा में काफी अच्छा कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के आखिर में राजस्थान इकाई के उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।

ओटी टेक्नीशियन दिवस मनाया

जयपुर। राजधानी के सोड़ाला इलाके में ईएसआईसी मॉडल हॉस्पिटल में ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजिस्ट दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम शामिल हुए लोगों कोविड -19 महामारी में ओ. टी. टेक्नीशियन कैडर द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल सहित विभागाध्यक्षों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त ऑपरेशन थियेटर टेक्निसियनों ने कैडर के कार्यों को नई ऊंचाई तक ले जाने का संकल्प लिया। डॉ. पाल ने सभी से मरीजों की सेवा पूरी तत्परता व कर्तव्यनिष्ठा से करने का आग्रह करते हुए बधाई संदेश प्रेषित किया।

गुलाम दस्तगीर प्रदेश सचिव नियुक्त

जयपुर । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव के पद पर चांदपोल में 4358, तोपखाने का रास्ता निवासी गुलाम दस्तगीर को नियुक्त किया गया है। हेम सिंह शेखावत ने उन्हें नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि संगठन के प्रति रूचि और सक्रियता को देखते हुए यह पद दिया गया है।

महिला के नकदी-गहने लेकर चोरी

जयपुर (कासं)। शास्त्रीनगर इलाके में दो युवक एक महिला को चकमा देकर उसके नकदी-गहने, मोबाइल इत्यादि लेकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने बताया ओम शिव कॉलोनी निवासी दुर्गा देवी 18 जुलाई की शाम को पीएनटी चौराहे पर बच्ची की दवाई लेने गई थी, जहां एक युवक मिला। उसने खुद को मथुरा निवासी और रामभक्त बताया। उसने कहा परेशान लग रही हो। इतनी ही देर में एक युवक और आया, जिसने उसे महाराज नाम से सम्बोधित कर मदद मांगी। इस पर उस युवक ने महिला और दूसरे युवक को कपूर लाने के लिए भेजा। रास्ते में युवक महिला को महाराजकी असलियत चेक करने के बहाने लौटा लाया। इस पर महाराज ने उस युवक का पर्स महिला को दे दिया और शिव मंदिर में भेज दिया। वह युवक बाहर आया तो उसने माता के दर्शन होने की बात कही। महिला झांसे में आ गई और मंदिर दर्शन के लिए जाने लगी। इस दौरान महाराज ने उसके कान के टॉप्स, बालियां, मंगलसूत्र, 1500 रूपए, मोबाइल सहित अन्य दस्तावेज पर्स में रखवाकर युवक को पकड़ा दिया। महिला मंदिर से बाहर आई तो दोनों युवक गायब थे।

पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय मे 2004 के पूर्व कार्यरत कर्मचारियों ने मिलकर पुरानी स्वास्थ्य योजना को लागू करवाने के सम्बन्ध मे कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी राजस्थान विश्वविद्यालय व सहायक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोलंकी को स्वहस्ताक्षरित पत्र दिया यह मांग की कि पुरानी स्वास्थ्य योजना को लागू किया जाए। इस दौरान स्टाफ क्लब के कोषाध्यक्ष बजरंग मीणा, मांगू सिंह, हरिराम मीणा, राजकुमार गुर्जर, दीपक नेपाली, रामधन गुर्जर, संदीप, बाबूलाल मीणा व अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

पुलिस ने 2 मोबाइल लुटेरे दबोचे

जयपुर (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। जांच-अधिकारी हैडकांस्टेबल महेन्द्रपाल सिंह ने बताया आरोपित राहुल प्रजापत (21) निवासी गांव बड़ी देवकली मदनपुर जिला गोरखपुर, यूपी हाल मदरामपुरा मुहाना और राकेश बैरवा (23) निवासी गांव फतेहपुर जिला कोटा हाल शिवदासपुरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित जयपुर में रहकर मजदूरी करते है, जोकि मार्च माह में हॉस्पिटल जाने की कहकर दोस्त की बाइक ले गए थे और रास्ते में एक युवक का मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फुटेज के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

महिला के गले से चेन तोड़ी

जयपुर। विधाधर नगर थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला की चेन तोड़ ले गए। पुलिस ने बताया 7/308 विधाधर नगर निवासी सज्जना देवी 19 जुलाई की शाम करीब सात बजे शिव मंदिर के सामने से जा रही थी। इस दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गहलोत सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर आमादा है : राठौड़

जयपुर (कासं)। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि राज्य सरकार ने बजट 2022-23 के पैरा संख्या 26 में 5 हजार से अधिक की आबादी वाले समस्त गांवों में 1 हजार 200 महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय प्रारम्भ किये जाने की बजटीय घोषणा की थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए इंग्लिश मीडियम के नये विद्यालय खोलने की बजाय वर्तमान में संचालित हो रहे बड़ी संख्या में हिंदी मीडियम के विद्यालयों को ही इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित करके हिंदी मीडियम के लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित रखकर उनका भविष्य गर्त में ले जाने का काम कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि झूठी घोषणाएं करने में अव्वल गहलोत सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने पर आमादा है। राज्य के करीब 6 लाख बच्चों पर जबरन इंग्लिश मीडियम स्कूल थोपे जा रहे हैं। सरकार विगत 3 वर्षों में 1205 हिंदी

- **'सरकार अंग्रेजी स्कूल खोलने की अपनी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिये नये विद्यालय खोलने के बजाय बड़ी संख्या में हिंदी माध्यम स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में परिवर्तित कर रही है जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य गर्त में चला जायेगा'**

मीडियम स्कूलों में ताला डालकर उन्हें इंग्लिश मीडियम स्कूलों में परिवर्तित कर चुकी है और अपनी इसी मानसिकता के साथ 2000 अतिरिक्त हिंदी मीडियम के स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में खोलने जा रही है।

राठौड़ ने कहा कि सरकार जिन हिंदी मीडियम स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित कर रही है वहां हिन्दी मीडियम के शिक्षक ही विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। सरकार ने बजटीय घोषणा में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों का अलग से कैडर बनाकर 10 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की भी घोषणा की थी जो अभी तक अधर में है। ना तो सरकार ने इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की और ना ही हिन्दी मीडियम के विद्यार्थियों की शिक्षा का समुचित प्रबंध किया। राठौड ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने की थोथी घोषणा कर वाहवाही तो लूट ली लेकिन इन स्कूलों के लिए आधारभूत संरचनाएं जैसे भवन, शिक्षक व अन्य संसाधन की व्यवस्था ही नहीं की। इसके विपरीत अपनी कपोल कल्पित योजना को फलीभूत करने के लिए पहले से संचालित हो रहे हिंदी मीडियम स्कूलों को बंद कर इन्हें ही इंग्लिश मीडियम में परिवर्तित कर रही है जिससे बड़ी संख्या में हिंदी मीडियम के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के समक्ष पढ़ाई का संकट उत्पन्न हो गया है।

नाहरगढ़ पहाड़ी पर पुजारी से बदमाशों ने मारपीट की

जयपुर (कासं)। शहर के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में नाहरगढ़ पहाड़ी पर एक पुजारी पर दो कार सवार एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार पुलिन्दर की गली, जौहरी बाजार निवासी सोनू शर्मा (29) 17 जुलाई की रात को नाहरगढ़ पहाड़ी पर स्थित भौमिया जी के मंदिर में पूजा करने के लिए गया था। इस दौरान रात करीब 11 बजे गेट बंद होने की वजह से दो युवक मंदिर की दीवार फांदकर अंदर आ गए, जिनके हाथ में शराब की बोतल थी। पुजारी सोनू ने युवकों को शराब की बोतल सहित बाहर जाने के लिए कहा तो उन युवकों ने अपने अन्य साथियों को आवाज देकर बुला लिया। महंत ने भी युवकों को मंदिर में शराब वर्जित होने की कहकर बाहर जाने के लिए गया तो वे और उठा हो गए। इस दौरान युवकों ने सोनू को पहाड़ी से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जहां दो कार में सवार एक दर्जन से अधिक लोगों ने उस पर सरियो से हमला बोल दिया। वहीं सिर पर शराब की बोतल फोड़ दी।

'जो लाशों की राजनीति करता हो, वह कहता है कि सुरक्षा मिलनी चाहिए'

मंत्री रमेश मीणा ने सांसद डॉ. किरोड़ी पर निशाना साधा

- **'किरोड़ी को पार्टी में कोई पूछ नहीं रहा, बैठक में घुसने नहीं दिया, अब कह रहे हैं धमकी मिली है, सरकार इसकी जांच कराएगी'**

जयपुर, (का.प्र.)। राज्यसभा में भाजपा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को उदयपुर तालिबानी हत्याकांड के शिकार कन्हैयालाल की पैरवी करने पर धमकी मिलने के उनकी सुरक्षा की मांग को लेकर राजस्थान के ग्रामीण विकास और पंचायतराज मंत्री रमेश मीणा ने सवाल उठाते हुए कहा कि धमकी मिली है या नहीं मिली यह जांच का विषय है। पार्टी में किरोड़ी को कोई पूछ नहीं रहा, इसलिए चर्चा में रहने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। रमेश मीणा ने कहा कि सुरक्षा लेने के लिए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पहले भी अपने जिले में खुद पर गोली चलवाई थी, बाद में वाई श्रेणी की सुरक्षा ले ली थी। मंत्री ने कहा कि जो सुरक्षा मांग रहा है, उस पर पहले से ही केस लगे हुए हैं, उसे कानून के हवाले कर देना चाहिए।

सचिवालय में मीडिया से बात करते हुए रमेश मीणा ने किरोड़ी मीणा को धमकी के बाद उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी होने के सवाल पर कहा कि उन्होंने खुद कहा है कि उनके साथ बहुत से युवा हैं। लोग उनके साथ हैं। ऐसे लोगों को क्या खतरा हो सकता है? खुद का बयान है, उन्हें खुद को कानून के हवाले करना चाहिए। इसी के साथ रमेश मीणा ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री से भी कहा है कि जो व्यक्ति लाशों की राजनीति करता हो, लोगों को धमकाता हो, जिस पर मुकदमे दर्ज हों, जो अपराधी हो, वह कहता है कि सुरक्षा मिलनी चाहिए। जो सुरक्षा के लिए ऐसी कहानियां बनाता हो, उसे अरेस्ट करना चाहिए। रमेश मीणा ने कहा कि यह जांच का विषय है कि पहले जो गोली चली, वह किसने चलवाई। किरोड़ी को पार्टी में कोई पूछ नहीं रहा है। जयपुर में पिछले दिनों सबने देखा उन्हें बैठक तक में घुसने नहीं दिया था। अब कह रहे हैं कि धमकी मिली है, सरकार जांच कराएगी। यह भी जांच होनी चाहिए कि पहले किसने गोली चलाई और वाई श्रेणी की सुरक्षा कैसे मिल गई।

न्यायमित्र की बताई कमियों को देखे सरकार : हाईकोर्ट

जयपुर । राजस्थान हाई कोर्ट ने कैदियों के कल्याण के संबंध में दिए आदेशों की पालना को लेकर महाधिवक्ता को कहा है कि वे मामले में न्यायमित्र की ओर से बताई कमियों को देंखे। वहीं अदालत ने यह भी कहा कि इस संबंध में सरकारी विभागों को समन्वय रखकर काम करना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई तीन सप्ताह के लिए टाल दी है। सीजे एसएस शिंदे और जस्टिस अनूप ढंड की खंडपीठ ने यह आदेश जेल में कैदियों के कल्याण के संबंध में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई कर दिए।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की ओर से अदालत के 45 बिन्दुओं पर दिए आदेश की पालना को लेकर रिपोर्ट पेश की गई। जिसका विरोध करते हुए न्यायमित्र प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि महाधिवक्ता ने 15 अक्टूबर 2019 को अदालत को आश्वस्त किया था कि मार्च 2020 तक प्रीजन बिल विधानसभा से पारित हो जाएगा। जबकि बिल अभी तक पारित नहीं हुआ है। इसके अलावा चालानी गार्ड की इतनी कमी है कि केवल एक तिहाई कैदी ही ट्रायल के लिए अदालतों में पहुंच पाते हैं। वहीं जेल अधीक्षक अपने स्तर पर रिपोर्ट बनाकर भेज देते है, लेकिन उन्हें अन्य विभागों से जुडे कामों के संबंध में जानकारी ही नहीं होती है। वहीं महाधिवक्ता ने कहा कि उन्हें तीन सप्ताह का समय दिया जाए। इस पर अदालत ने कहा कि विभागों को आपस में समन्वय रखना चाहिए और महाधिवक्ता न्यायमित्र की बताई कमियों को भी देंखे।

गौरतलब है कि जेल में मोबाइल मिलने और कैदियों के कल्याण को लेकर हाईकोर्ट ने स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लेकर पूर्व में 45 बिन्दुओं पर राज्य सरकार को दिशा-निर्देश जारी किए थे।

एक लाख लोगों को देंगे मुफ्त भोजन

जयपुर (कासं)। रोटरी क्लब जयपुर रॉयल सिग्नेचर प्रोजेक्ट के तहत पिछले कई वर्षो सें वर्ष पर्यंत प्रतिदिन 100 लोगों को मुफ्त भोजन बांट रहा था। इस वर्ष के नव निर्वाचित प्रेसिडेंट अरूण बगड़िया ने इस काम को आगे बढाते हुए इस वर्ष प्रतिदिन 300 लोगों को मुफ्त भोजन कराने की योजना बनाई है। इस कार्यक्रम के जरिए साल भर तक 1 लाख लोगों को मुफ्त भोजन कराया जाएगा। अरुण बगड़िया ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत लाल कोठी पुलिस हैड क्वार्टर के पास वाली इंदिरा रसोई मे ये प्रोजेक्ट वर्ष भर चलेगा। इस प्रोजेक्ट का आगाज समारोहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर फर्स्ट लेडी पूनम बगड़िया, वरिष्ठ रोटेरियन रतन सिंह, रवि कामरा, एसिस्टेंट गवर्नर हेमेन्द्र शर्मा, पास्ट प्रेसिडेंट संजय कौशिक, पी सी जैन, हरीश खत्री मौजूद थे।

डी गैंग के सरगना समेत 5 गिरफ्तार

जयपुर । पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने भांकरोटा में कार्रवाई करते हुए डी गैंग के सरगना दिगपाल उर्फ दीपू झेरली सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। दीपू झेरली और संपत नेहरा गैंग्स के बीच शराब के व्यापार को लेकर वर्चस्व की लडाई चल रही है। गैंग के सरगना की निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और 55.43 ग्राम अफीम बरामद की है।

डीसीपी (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिगपाल उर्फ दीपेन्द्र उर्फ दीपू झेरली झुंझुंनू, दिनेश कुमार बुहाना झुंझुंनू, अमित राठौड़ राजगढ़ चुरू, महावीर सिंह मंड्रेला झुंझुंनू और अंकित यादव सिंघाना झुंझुंनू का रहने वाला हैं। आरोपी दिगपाल उर्फ दीपू पिलानी का एचएस है। उसके खिलाफ 13 आपराधिक प्रकरण मारपीट, गैंगवार, हत्या और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। दीपू अफीम का नशा करने का आदि है। आरोपी दिनेश सिंघाना का एचएस है। दिनेश कुमार के खिलाफ 18 अमित राठौड के खिलाफ 5, महावीर के खिलाफ 2 एवं अकित यादव के खिलाफ एक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। गैंग के सक्रिय सदस्यों के खिलाफ मारपीट, लडाई झगडा, गैंगवार हत्या और आर्म्स एक्ट के आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि डी गैंग सरगना और सदस्यों का सम्पत नेहरा गैंग से रंजिश होना सामने आया हैं। परिवादी देवेन्द्र सिंह का पिछले साल पिलानी में शराब की दुकान की बोली लगाने की बात को लेकर दीपू उर्फ दीपूडा निवासी झेरली झुंझुंनू से विवाद हो गया था। इसलिए डी गैंग के सरगना और सदस्य परिवादी देवेन्द्र सिंह को मारने का मौका तलाश रहे थे। परिवादी सम्पत नेहरा गैंग का सक्रिय सदस्य है जिसके खिलाफ भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और 55.43 ग्राम अफीम बरामद की हैं।